
# डॉ. वाकणकर ने पुरातत्व को बना दिया था जनआंदोलन



## सीएम ने राष्ट्रीय सम्मान समारोह और राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा–

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 9 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सुप्रसिद्ध पुरातत्वविद् डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर का भारतीय पुरातत्व के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान रहा है. पुरातत्वविद् डॉ. वाकणकर ने पुरातत्व को जन आंदोलन बना दिया था.**

उन्होंनें कहा कि यह उनके व्यक्तित्व और संप्रेषण का ही प्रभाव था कि उज्जैन का जन-जन अपने परिवेश को पुरातत्व की दृष्टि से देखने लगा था. पुरातत्व को लोकरुचि का विषय बनाने का डॉ. वाकणकर का प्रयास अद्भुत और अनुकरणीय था. पुरातत्वविद् डॉ. वाकणकर अनेक प्रतिभाओं के धनी थे. उन्होंने सितार वादन, मूर्ति कला, चित्रकला, काव्य लेखन एवं संगीत के माध्यम से भारतीय संस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाया. डॉ. यादव ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में 19वें डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर राष्ट्रीय सम्मान समारोह और राष्ट्रीय संगोष्ठी के शुभारंभ अवसर पर यह विचार व्यक्त किए. इस दौरान डॉ यादव ने कहा कि पुरातत्वविद् डॉ. वाकणकर के परिश्रम और प्रयासों से काल गणना के केंद्र डोंगला की खोज हुई.

### लोनिवि के 1500 इंजीनियरों की ट्रेनिंग आज

**भोपाल.** प्रदेशभर के लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर शनिवार को राजधानी में होंगे, इंजीनियर तकनीक के मामले में कैसे बेहतर हों, जिससे कि विभाग के कामों में गुणवत्ता आए, इसी बात को फोकस करते हुए उन्हें ट्रेनिंग दी जाएगी. इस ट्रेनिंग कार्यक्रम में प्रदेशभर के 1500 से अधिक इंजीनियर हिस्सा लेंगे. लोक निर्माण विभाग शनिवार को राज्य स्तरीय कार्यकम सह प्रशिक्षण सत्र का आयोजन करने जा रहा है, जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे. कार्यक्रम विभागीय नवाचारों, डिजिटल पहल और इंजीनियरों के क्षमता निर्माण को समर्पित रहेगा. कार्यक्रम रवीन्द्र भवन में होगा. लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के मुताबिक इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार किए गए कैपेसिटी बिल्डिंग फ्रेमवर्क दस्तावेज का विमोचन किया जाएगा, जो अभियंताओं के निरंतर प्रशिक्षण, कौशल उन्नयन और आधुनिक परियोजना प्रबंधन के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगा. मंत्री ने बताया कि कार्यक्रम में लोकपथ मोबाइल ऐप के उन्नत संस्करण – लोकपथ 2.0 का लोकार्पण भी किया जाएगा.

# एक हजार करोड़ की बकाया आबकारी राशि वसूलें अफसर

- उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने अफसरों को दिया टॉस्क



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 9 जनवरी. मौजूदा वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अब महज तीन माह से भी कम समय बचा है, ऐसे में राजस्व की वसूली अब वाणिज्यिक कर विभाग के लिये किसी चुनौती से कम नहीं है.**

इस बीच उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भी विशेष रूप से आबकारी से मिलने वाले राजस्व की वसूली तय टारगेट के मुताबिक करने की नसीहत अफसरों को दी है. इस बार इससे 18 हजार करोड़ रुपये कमाने का लक्ष्य रखा गया है. इतना ही नहीं उन्होंने आबकारी की बकाया एक हजार करोड़ की राशि भी वसूलने का टारगेट अफसरों को दिया है. दरअसल ये वसूली शराब ठेकेदारों से की जानी है.उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा शुक्रवार को नई आबकारी नीति वर्ष 2026-27 पर चर्चा के लिए राजधानी में पर्यावास परिसर स्थित इफको भवन में आयोजित बैठक में शामिल हुए. बैठक में आबकारी राजस्व बढ़ाने, अवैध शराब पर प्रभावी नियंत्रण तथा विभागीय कार्य प्रणाली को और बेहतर बनाने पर विस्तार से विचार- विमर्श किया गया. उन्होंने इस दौरान अफसरों से नई नीति के लिए लिखित में सुझाव भी मांगे. देवड़ा ने बताया कि वर्ष 1915 में बना आबकारी अधिनियम की कंडिका अगर अव्यावहारिक है तो उसमें संशोधन किया जाएगा जो कि समय के अनुकूल हो.

देवड़ा ने जहरीली शराब की घटनाओं पर विशेष चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी जिले में इस प्रकार की घटना दोबारा न हो. यदि ऐसी कोई घटना सामने आती है तो संबंधित जिला आबकारी अधिकारी पूर्णत: जिम्मेदार होंगे, क्योंकि ऐसी घटनाओं से सरकार की छवि धूमिल होती है.

### अवैध शराब का कारोबार नहीं होना चाहिए

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब के विक्रय पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए. संबंधित जिलों के अधिकारियों से कहा कि किसी भी परिस्थिति में अवैध शराब का कारोबार नहीं होना चाहिए, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए. हाल ही में भोपाल, धार, ग्वालियर एवं रायसेन में की गई शराब जब्ती की कार्रवाई का उल्लेख करते हुए बिना परमिट शराब के परिवहन पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए गए. उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी तय लक्ष्य को पूरा करें.

# महाकाल महोत्सव में महाकुंभ के बिखरेंगे रंग

- शिव के आंगन में धर्म, परम्परा व संस्कृति का मनेगा उत्सव
- आयोजन से बढ़ेगा उज्जैन का वैश्विक वैभव
- आक्रांताओं के संहार से लेकर सम्राट विक्रमादित्य तक इतिहास बोलेगा



**नवभारत न्यूज़**

**उज्जैन. अनादि-अनंत कालों के काल महाकाल की पावन नगरी उज्जैन एक बार फिर धर्म, संस्कृति, इतिहास और आस्था के विराट संगम की साक्षी बनने जा रही है. मकर संक्रांति के शुभ पर्व से 14 जनवरी को प्रारंभ होकर 18 जनवरी तक चलने वाले पांच दिवसीय 'महाकाल उत्सव' का भव्य आयोजन महाकाल लोक कॉरिडोर में किया जा रहा है. इस ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महोत्सव का शुभारंभ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे.**

यह आयोजन केवल उत्सव नहीं, बल्कि हजारों वर्षों की परंपरा, काल-गणना की विरासत, शैव दर्शन और उज्जैन की सनातन चेतना का जीवंत प्रकटीकरण होगा। महाकाल लोक के दिव्य प्रांगण में होने वाला यह महोत्सव देश-दुनिया को यह संदेश देगा कि उज्जैन केवल एक नगर नहीं, बल्कि सृष्टि के आरंभ से काल-चक्र का केंद्र रहा है. देशभर की कलाओं से सजेगा महाकाल लोक-महाकाल उत्सव के अंतर्गत देश के विभिन्न राज्यों से आमंत्रित कलाकार धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राचीन नृत्य-नाट्य प्रस्तुतियां देंगे. शास्त्रीय नृत्य, लोककलाएं, जनजातीय समूहों की विशिष्ट प्रस्तुतियां और सांस्कृतिक झांकियां इस उत्सव को बहुरंगी स्वरूप प्रदान करेंगी. विशेष आकर्षण के रूप में कला यात्राएं निकाली जाएंगी, जिनमें भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराएं सजीव रूप में दर्शन देंगी.

**सोमनाथ आयोजन की झलक भी**-महाकाल उत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोमनाथ मंदिर में किए गए धार्मिक आयोजनों की भी विशेष झलक प्रस्तुत की जाएगी, जिससे शैव परंपरा की अखंड कड़ी देश के कोने-कोने तक पहुंचे।

**विश्व में अद्वितीय है महाकाल मंदिर का अपना बैंड**-उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर का स्वयं का निजी बैंड इस उत्सव का विशेष आकर्षण रहेगा. यह विश्व का एकमात्र मंदिर है, जिसका अपना पर्सनल बैंड है. पांचों दिन इस बैंड की भव्य प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से सराबोर करेंगी.

**प्रशासन और संस्थाओं ने की पूरी तैयारी**-उज्जैन सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, वीर भारत न्यास के सचिव श्री राम तिवारी, महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक सहित जिला प्रशासन, वीर भारत न्यास, महाकाल मंदिर प्रबंध समिति एवं धार्मिक-सांस्कृतिक मंत्रालय ने आयोजन की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली हैं. 14 से 18 जनवरी तक कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध कवि दिनेश दिग्गज द्वारा किया जाएगा.

### काल-गणना का केंद्र उज्जैन

नवभारत से चर्चा में उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने कहा कि उज्जैन की महिमा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और ऐतिहासिक भी है. उज्जैन तहसील के डोंगला स्थित प्राचीन वैधशाला (ऑब्जर्वेटरी) इस बात का प्रमाण है कि प्राचीन काल से ही उज्जैन काल-गणना और खगोलीय अध्ययन का केंद्र रहा है. ऐसे में महाकाल उत्सव का आयोजन उज्जैन के वैभव को देश-दुनिया में और अधिक प्रतिष्ठित करेगा. कलेक्टर ने बताया कि प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन हेतु उज्जैन आते हैं. महाकाल उत्सव के माध्यम से श्रद्धालुओं को यहां की सांस्कृतिक गतिविधियों, योजनाओं और सनातन परंपराओं से भी परिचित कराया जाएगा.

### वर्षभर उत्सवों की नगरी है उज्जैन

वीर भारत न्यास के सचिव श्री राम तिवारी ने कहा कि उज्जैन वर्षभर धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से जीवंत रहता है. विक्रम उत्सव, सावन में बाबा महाकाल की सवारी, कार्तिक मेला, कालिदास समारोह जैसे आयोजन यहां की पहचान हैं. महाकाल उत्सव इन सबसे पृथक है, क्योंकि इसमें बाबा महाकाल से जुड़ी प्राचीन परंपराओं, शौर्य, इतिहास और सांस्कृतिक चेतना का विशेष समावेश किया गया है, ताकि देश-दुनिया के श्रद्धालु सीधे महाकाल की चेतना से जुड़ सकें.

### सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज की परंपरा का विस्तार

वीर भारत न्यास के सचिव श्री राम तिवारी ने बताया कि महाकाल उत्सव का आयोजन उसी क्षेत्र में हो रहा है, जहां कभी सम्राट विक्रमादित्य की बैठक और सिंहासन बत्तीसी रही. सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज जैसे महापुरुषों ने भी महाकाल की आराधना और उत्सव किए थे. आज उसी परंपरा को महाकाल लोक कॉरिडोर में आगे बढ़ाया जा रहा है।



# महिलाओं को गांवों में खाते खोलने की जिम्मेदारी

**शिवपुरी, 09 जनवरी. केंद्रीय दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जल्द ही ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण देकर इंडिया पोस्ट और पेमेंट के माध्यम से गांव-गांव में खाता खोलने की जिम्मेदारी दी जाएगी.**

इसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उन्हें अतिरिक्त आय का अवसर प्रदान करना है. सिंधिया लगातार दूसरे दिन शिवपुरी जिले के कोलारस अनुविभाग के बदरवास में तीसरे उप डाकघर का लोकार्पण किया. इससे पहले उन्होंने कोलारस और जगतपुर में दो उप डाकघरों का उद्घाटन किया था. समारोह में उन्होंने बताया कि डाक विभाग और कृषि मंत्रालय के बीच हाल ही में हुए समझौते के तहत किसानों को मिलने वाली खाद की मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी. इसके साथ ही ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षित करके इंडिया पोस्ट और पेमेंट के माध्यम से गांव-गांव खाता खोलने का काम सौंपा जाएगा. सिंधिया ने कहा कि इस योजना के तहत महिलाएं 15 से 30 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर सकती हैं.

भारतीय डाक विभाग का तेजी से आधुनिकीकरण किया जा रहा है और आने वाले समय में यह विश्व में नंबर एक डाक सेवा बनने की दिशा में अग्रसर है. इस पहल से ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के अवसर के साथ-साथ वित्तीय समावेशन का लाभ भी मिलेगा. सिंधिया ने सभी को ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण में भागीदारी निभाने की अपील की. यह योजना ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता बढ़ाने और डिजिटल इंडिया को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी.

# हायर सेकेंडरी और हाईस्कूल परीक्षा 7 व 11 फरवरी से

**पन्ना, 9 जनवरी.** माध्यमिक शिक्षा मंडल के शैक्षणिक सत्र 2025-26 की हायर सेकेंडरी और हाईस्कूल परीक्षाएं क्रमश: 7 फरवरी और 11 फरवरी से शुरू होंगी. इसके लिए पन्ना जिले में कुल 48 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं.पन्ना नगर में शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय, शासकीय आर.पी. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय क्रमांक 01, शासकीय आर.पी. उ.मा. विद्यालय क्रमांक 02, शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय और नेशनल पब्लिक उ.मा. विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है. इसके अलावा जिले के अन्य क्षेत्रों जैसे देवेन्द्रनगर, बराछ, सलेहा, गुनौर, अमानगंज, महेवा, द्वारी, पवई, अजयगढ़, धरमपुर समेत कई स्कूलों को परीक्षा केंद्र घोषित किया गया है.


**देवी अहिल्या विश्वविद्यालय**
**इन्दौर (म.प्र.)**

**दीक्षान्त समारोह**

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर का दीक्षान्त समारोह **दिनांक 16 फरवरी, 2026 को पूर्वान्ह 11:30 बजे** विश्वविद्यालय के सभागृह (लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर) तक्षशिला परिसर, खण्डवा रोड, इंदौर में आयोजित होगा जिसका विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक/प्रशासन/दीक्षांत समारोह/2026/39 दिनांक 8 जनवरी, 2026 के द्वारा जारी की गई है, जो विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.dauniv.ac.in** पर देखी जा सकती है।

म.प्र. माध्यम/123910/2026 **कुलसचिव**


# पेज एक का शेष

## हादसे ने छीनीं तीन जिंदगियां



शोकाकुल बाला बच्चन, सचिन यादव, सज्जनसिंह वर्मा और अन्य नेतागण.



मानसंधु के परिवार का ट्रांसपोर्ट का काम है, उसकी मां अमृतसर दर्शन करने गई हैं और भाई कनाडा में है. वे इंदौर के लिए रवाना हो चुके हैं. प्रेरणा का गृह गांव कासेल में किया गया अंतिम संस्कार : घटना की सूचना पर पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन और कांग्रेस के कई नेता एमवाय पहुंचे. पोस्टमार्टम पश्चात बाला बच्चन अपनी बेटी प्रेरणा का शव लेकर गृह गांव कासेल (जिला बड़वानी) पहुंचे. उनके साथ कांग्रेस के कई नेता और विधायक भी मौजूद थे. पूर्व गृह मंत्री बाला बच्चन की बेटी की शव यात्रा घर से निकली. इसमें सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि दी. अंतिम यात्रा में विधायक राजन मंडलोई, मोंटू सोलंकी, झूमा सोलंकी, पूर्व विधायक रवि जोशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता और जनप्रतिनिधि शामिल हुए.

## प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्टेडियम और हेलीपेड का होगा निर्माण

हमारी सरकार ने अब तक बहनों को लाडली बहना योजना के माध्यम से 50 हजार करोड़ रुपये वितरित किए हैं. प्रदेश में विकास के कार्य तेजी से किए जा रहे हैं. नदी जोड़ो परियोजना से 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मिलेगी. हम पांच साल में एक करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा देंगे. कोदो कुटकी तथा अन्य श्री अन्न का समर्थन मूल्य पर उपार्जन करने के साथ किसानों को बोनस देंगें. गेहूं उपार्जन में भी किसानों को बोनस दिया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एयर एम्बुलेंस सेवा से सरकार गरीब रोगियों को बड़े अस्पतालों में पहुंचाने के लिए नि:शुल्क हेलीकॉप्टर और हवाई जहाज की सुविधा दे रही है. सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने वाले को राहवीर योजना से 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है.

प्रधानमंत्री की पहल पर दुर्घटना पीड़ित को शीघ्र ही 1.5 लाख रुपय तक की उपचार सहायता नि:शुल्क मिलेगी. मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया. मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन करके बेटियों का सम्मान किया. मुख्यमंत्री ने सम्मेलन स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा हितग्राहियों से संवाद किया.


चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन
(गरीबी-मुक्ति, सर्वधर्म सद्भाव, समाजोत्थान, खेल, स्वास्थ्य व शिक्षा को समर्पित प्रतिष्ठान)

प्रतिभा सम्मान 2025

रतलाम शहर के 10 वीं, 12 वीं की परीक्षा में 75% से अधिक अंकों में उत्तीर्ण मेधावी विद्यार्थियों का

**प्रतिभा सम्मान समारोह**

10 जनवरी 2026
शनिवार
प्रात: 11.15 बजे
विधायक सभागृह
बरबड़, रतलाम

मुख्य अतिथि



श्री हेमंत खंडेलवाल
भाजपा – प्रदेश अध्यक्ष




अध्यक्षता
श्री चेतन्य काश्यप
MSME मंत्री–म.प्र.शासन
(फाउण्डेशन अध्यक्ष)

विशेष अतिथि



श्री प्रदीप उपाध्याय
भाजपा–जिलाध्यक्ष



श्री प्रहलाद पटेल
महापौर–रतलाम



प्रतिभा सम्मान समारोह समिति
सलाहकार : शैलेन्द्र डागा (पूर्व महापौर), निर्मल लुनिया,
सदस्य : महेन्द्र नाहर, सोना शर्मा, मनोज शर्मा, मुकेश सोनी, आनंद जैन



**आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड IREL (India) Limited**
**Formerly Indian Rare Earths Limited.**
**(भारत सरकार का उपक्रम)**
**(A Government of India Undertaking)**
**CIN: U15100MH1950GO1008187 Website: www.irel.co.in**
**ISO 9001: 2015, ISO 14001: 2015 & ISO 45001:2018 Company**

संदर्भ- विज्ञा 25-26/15 निविदा नोटिस दि. 06.01.2026 Ref: ADVT. NO.25-26/15
TENDER NOTICE Date: 06.01.2026 IREL (India) Limited, Chavara invites Bid for the following items/job descriptions.

| कार्य नं/ Event No. (GEM) | काम / मद विवरण / Job / Item Description |
|---|---|
| GEM/2026/B/7075674 | Request for Proposal for Selection of agency for Procurement, supply, transportation, dismantling, Erection andcommissioning of Pre HUS facility at IREL (India) Limited, Chavara on Engineering Procurement Construction (EPC)basis |

बिडर निविदा फार्म http:/irel.co.in or http://gem.gov.in वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते है।
निविदा में कोई शुद्धिपत्र विस्तार वेबसाइट में ही डाल सकते है।
Bidder may download tender document from http://irel.co.in or http://gem.gov.in website. Any corrigendum / extension to above tenders shall be hostedin above websites only.

**ह. प्रधान, चवरा** / Sdl Head Chavara

**CBC48139/12/0015/2526**



**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित**
Your host in the heart of India
www.mpstdc.com
**पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003**
**फोन : +91-755-4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com**
**क्रमांक 013/यांत्रिकी/पविनि/26** **दिनांक : 09.01.2026**

**निविदा सूचना 010/2026_STDC_474449_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :- ग्राम पिपलिया माफी जिला खण्डवा स्थित संत सिंगाजी धाम में प्रवेश द्वार, दुकान, पब्लिक टॉयलेट, घाट का निर्माण एवं अन्य विकास कार्य। (09 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 136.05 लाख।**

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 27.01.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर **दिनांक 12.01.2026** से देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/123919/2026 **कार्यपालन यंत्री**


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**